**CBSE Class–9 Hindi**

**NCERT Solutions**

**क्षितिज पाठ-13 सुमित्रानंदन पन्त**

---

**1. कवि ने गाँव को 'हरता जन मन' क्यों कहा है ?**

**उत्तर:** कवि ने गाँव को 'हरता जन मन' इसलिए कहा है क्योंकि हरेभरे गाँव की शोभा अनुपम है। चारों तरफ़ हरियाली होने के कारण जनमानस प्रसन्न है। गाँव का ऐसा प्राकृतिक सौंदर्य सभी के मन को छूता है।

---

**2. कविता में किस मौसम के सौंदर्य का वर्णन है ?**

**उत्तर:** कविता में वसंत ऋतु के सौंदर्य का वर्णन है। इसी ऋतु से पूर्व पेड़ों से पुराने पत्ते झर जाते हैं,उन पर नईनई कोपलें, पत्तियाँ, फूल और फल आने शुरू हो जाते हैं। फसलों तथा सब्जियों के फलने फूलने का भी यही समय होता है।खेतों में सरसों लहलहाने लगती है,चारों ओर मनोरम वातावरण होता है।

---

**3. गाँव को 'मरकत डिब्बे सा खुला' क्यों कहा गया है ?**

**उत्तर:** खेतों में हरियाली छाई हुई है। विविध प्रकार की फसलें लहलहा रही है। कहीं फूलों पर रंगीन तितलियाँ मंडरा रही है। चारों ओर फल और फूलों की सुंगंध बिखरी पड़ी है। सूरज की स्वर्णिम धूप से निखरता सौंदर्य इस हरीतिमा में चमक पैदा करता है। इसी हरीतिमा को दर्शाने के किए गाँव को 'मरकत डिब्बे सा खुला' कहा गया है।

---

**4. अरहर और सनई के खेत कवि को कैसे दिखाई देते हैं ?**

**उत्तर:** अरहर और सनई के खेत कवि को ऐसे प्रतीत होते हैं जैसे वसुधा ने फलियों के रूप में अपनी कमर पर सुनहरी रंग की करधनी बाँध रखी हो,जो हवा में हिलकर मधुर स्वर उत्पन्न करते हैं।

---

**5.1 भाव स्पष्ट कीजिए**
**बालू के साँपों से अंकित**
**गंगा की सतरंगी रेती**

**उत्तर:** प्रस्तुत पंक्तियों में गंगा नदी के किनारे फैली रेत को सतरंगी कहा है। पानी की लहरों और हवा के कारण इस पर टेढ़ीमेढ़ी रेखाएँ पड़ जाती है, जो सूरज की किरणों केप्रभाव से चमकने लगती हैं और साँपों के चलने के कारण बने निशानों सी दिखती हैं ।

**5.2 भाव स्पष्ट कीजिए**
**हँसमुख हरियाली हिमआतप**
**सुख से अलसाएसे सोए**

**उत्तर:** ओस से युक्त हरियाली सूरज के प्रकाश में जगमगाती हुई हँसमुख सी प्रतीत होती है। सर्दी की धूप भी खिलीखिली होतीहै ऐसे

में लगता है जैसे सभी आलस्य से भरकर सोए हुए हों।

**6. निम्न पंक्तियों में कौनसा अलंकार है ?**
**तिनकों के हरे हरे तन पर**
**हिल हरित रुधिर है रहा झलक**
**उत्तर:** हरे हरे पुनरुक्ति अलंकार है।
हिल हरित अनुप्रास अलंकार है।
तिनकों के तन पर मानवीकरण अलंकार है।

**7. इस कविता में जिस गाँव का चित्रण हुआ है वह भारत के किस भूभाग पर स्थित है ?**
**उत्तर:** इस कविता में उत्तरी भारत के गंगा तट पर बसे किसी गाँव का चित्रण हुआ है।

**• रचना और अभिव्यक्ति**

**8. भाव और भाषा की दृष्टि से आपको यह कविता कैसी लगी ? उसका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।**
**उत्तर:** प्रस्तुत कविता भाव और भाषा दोनोंदृष्टि से अत्यंत सहज और आकर्षक है। प्रस्तुत कविता में प्रकृति का लुभावना और सुन्दर वर्णन हुआ है। कवि ने प्रकृति का मानवीकरण किया है। कविता की भाषा भी अत्यंत सरल, मधुर तथा प्रवाहमयी है। अलंकारों के सुंदरप्रयोग से कविता के सौंदर्य में चार चाँद लग गए हैं।

**9. आप जहाँ रहते हैं उस इलाके के किसी मौसम विशेष के सौंदर्य को कविता या गद्य में वर्णित कीजिए।**
**उत्तर:** मेरे मुंबई शहर की बरसात
उमस से राहत दिलानेवाली बरसात
खुशियों से सराबोर करनेवाली बरसात
मेरे मुंबई शहर की बरसात
चाय की चुस्की और गर्म पकौड़ियों वाली बरसात
मरीन ड्राइव पर सागर की अठखेलियों वाली बरसात
मेरे मुंबई शहर की बरसात
कीचड़ से लथपथ वाली बरसात
सडकों पर ट्रैफिक जाम वाली बरसात
मेरे मुंबई शहर की बरसात
आपाधापी और रेलमपेलम वाली बरसात
मजदूरों से रोटी, रोजी छिनने वाली बरसात
मेरे मुंबई शहर की बरसात

आफिस स्कूलों से छुट्टियाँ की आस बढ़ाने वाली बरसात
मन अंतर आत्मा को छूने वाली बरसात
मेरे मुंबई शहर की बरसात